हरिभूमि
# सिरसा-फतेहाबाद भूमि
रोहतक, गुरुवार 23 जुलाई 2026

12 दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग




12 नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हुआ कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम



## खबर संक्षेप

### पिस्तौल व जिंदा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद**। थाना सदर फतेहाबाद पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों पर कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध 315 बोर पिस्तौल एवं एक जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक प्हलाद राय ने बताया कि एवीटी स्टाफ फतेहाबाद में तैनात मुख्य सिपाही ज्योति प्रसाद अपनी टीम के साथ सरकारी वाहन में गांव खान मोहम्मद से ढाणी छतरियां की ओर गश्त एवं अपराध जांच पर थे। इसी दौरान कार्रवाई की।

### सीबीएसई की 26वीं कबड्डी प्रतियोगिता कल से

**फतेहाबाद**। बीघड़ रोड स्थित सेंट जोसेफ इंटरनेशनल स्कूल, फतेहाबाद में 24 से 27 जुलाई तक सीबीएसई क्लस्टर की 26वीं विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। स्कूल के निदेशक एवं शिक्षाविद् सर्वजीत मान ने बताया कि प्रतियोगिता में सीबीएसई क्लस्टर के अंतर्गत आने वाले अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग के छात्र भाग लेंगे।

### युवक की मौत के मामले में आरोपी चालक काबू

**फतेहाबाद**। सड़क हादसों के मामलों में फरार आरोपियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भट्टू कलां पुलिस ने एक युवक की जान लेने वाले सड़क हादसे के नामजद आरोपी ईको कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है। थाना भट्टू कलां प्रभारी निरीक्षक वीर सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान राधेश्याम पुत्र उमराव सिंह निवासी ढाणी सांचला, टोहाना के रूप में हुई है।

### सीआईए पुलिस के हत्थे चढ़ा हेरोइन तस्कर

**फतेहाबाद**। नशा तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अपराध शाखा रतिया की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को 8.91 ग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से बरामद नशीले पदार्थ के साथ-साथ मौके पर प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी कब्जे में ले लिया है। अपराध शाखा रतिया प्रभारी उप निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि सीआईए टीम ब्राह्मणवाला पुलिस चौकी के पास गश्त और अपराध रोकथाम ड्यूटी पर तैनात थी। इसी दौरान कार्रवाई की गई।

### चेक बाउंस के चार वांछित दबोचे

**सिरसा**। पुलिस ने चेक बाउंस मामले में चार वांछित भगोड़े आरोपियों को अलग-अलग जगहों से काबू किया है। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि अदालत द्वारा आरोपियों को बार-बार नोटिस देने पर भी आरोपी अदालत में हाजिर नही आया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए चारों आरोपियों के खिलाफ थाना सिविल लाइन सिरसा में मामला दर्जकर जांच शुरू की गई।

# आधे शहर का सफाई संकट खत्म होने की उम्मीद, आज से 14 वार्डों में होगा काम

## प्रशासन ने कोटेशन लेकर वर्क ऑर्डर जारी करने का लिया फैसला

- टेंडर अटकने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा के हस्तक्षेप से बनी सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

पिछले करीब एक माह से शहर के दक्षिणी हिस्से के 14 वार्डों में ठप पड़ी सफाई व्यवस्था अब जल्द पटरी पर लौटने की उम्मीद है। नगर परिषद की बैठक में दो प्रतिशत माइनस रेट पर सफाई कार्य देने का प्रस्ताव खारिज होने से जहां नई टेंडर प्रक्रिया के कारण 20 से 30 दिन की देरी की आशंका जताई जा रही थी, वहीं अब भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा के हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने अंतरिम व्यवस्था के तहत जिले में पहले से कार्यरत सफाई एजेंसियों से कोटेशन लेकर गुरुवार को ही वर्क ऑर्डर जारी करने का निर्णय लिया है। इसके बाद प्रभावित 14 वार्डों में सफाई कार्य दोबारा शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है। नगर परिषद के रिकॉर्ड के अनुसार आउटसोर्स एजेंसी सनराइज का ठेका 25 जून को समाप्त होने के बाद शहर के दक्षिणी क्षेत्र के वार्ड नंबर 10 के कुछ हिस्से सहित 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 18, 19, 20, 21, 23 और 24 में नियमित सफाई और डोर-टू-डोर कचरा उठान प्रभावित था। बरसात के बीच कई कॉलोनियों और बाजारों में कचरे के ढेर लगने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।






फतेहाबाद। नगरपरिषद कार्यालय तथा नगरपरिषद प्रधान व उपप्रधान के साथ बैठक करते भाजपा जिलाध्यक्ष। फोटो : हरिभूमि

### स्थायी टेंडर प्रक्रिया रहेगी जारी

नगर परिषद अधिकारियों के अनुसार छह माह की अंतरिम व्यवस्था के साथ-साथ पांच वर्ष की स्थायी सफाई व्यवस्था के लिए टेंडर प्रक्रिया पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी रहेगी। नए टेंडर खुलने के बाद नियमित एजेंसी का चयन किया जाएगा, जबकि तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के माध्यम से प्रभावित वार्डों में सफाई कार्य जारी रखा जाएगा।

### जल्द पूरी तरह बहाल होगी सफाई व्यवस्था : जोड़ा

कुछ तकनीकी कारणों से सफाई व्यवस्था प्रभावित हुई थी, लेकिन अब प्रशासन ने समाधान की दिशा में आवश्यक कदम उठा लिए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी स्वच्छता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। इसी सोच के अनुरूप फतेहाबाद में भी सफाई व्यवस्था जल्द पूरी तरह बहाल कर शहर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाया जाएगा।

-प्रवीन जोड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष

### बैठक में अटका था प्रस्ताव, दोबारा टेंडर करने का लिया गया था फैसला

नगर परिषद की साधारण सभा में डोर-टू-डोर कचरा उठान का कार्य दो प्रतिशत माइनस रेट पर देने का प्रस्ताव रखा गया था, लेकिन अधिकारियों ने नियमों का हवाला देते हुए इसे मंजूरी नहीं दी। इसके बाद छह माह के लिए दोबारा टेंडर जारी करने का निर्णय लिया गया, जो 30 जुलाई को खोले जाने हैं। इस बीच करीब 130 सफाई कर्मचारियों की तैनाती और 27.5 करोड़ रुपये के खर्च वाली अंतरिम व्यवस्था भी अधर में लटक गई थी।

### उपायुक्त और डीएमसी से की बातचीत

बिगड़ती स्थिति को देखते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने जिला भाजपा कार्यालय में नगर परिषद अध्यक्ष राजेंद्र खिंची और उपाध्यक्ष सविता टूटेजा के साथ बैठक की। इसके बाद उन्होंने उपायुक्त डॉ. विवेक भारती और डीएमसी प्रवीण कुमार से दूरभाष पर बातचीत कर सफाई व्यवस्था को तत्काल बहाल करने का आग्रह किया। उनके हस्तक्षेप के बाद प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए जिले में पहले से कार्यरत सफाई एजेंसियों से कोटेशन मांगने और बुधवार को ही वर्क ऑर्डर जारी कर सफाई कार्य शुरू कराने का निर्णय लिया।



रतिया। नगरपालिका कार्यालय में धरना देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# तीन माह से वेतन नहीं मिलने पर भड़के सफाई कर्मचारी

- कचरा उठान बंद कर नगर पालिका में दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

पिछले तीन माह से वेतन नहीं मिलने से नाराज डोर-टू-डोर कचरा उठाने वाले कर्मचारियों ने बुधवार को नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरना देकर काम बंद कर दिया। कर्मचारियों ने कचरा उठाने वाले सभी वाहनों को रोकते हुए ठेकेदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उनका कहना है कि जब तक तीन माह का बकाया वेतन नहीं मिलता, तब तक शहर में घर-घर से कचरा उठाने का कार्य पूरी तरह बंद रहेगा। डोर-टू-डोर कर्मचारियों के प्रधान मोनू ने बताया कि वे करीब पांच माह से जय दुर्गा कंपनी, टोहाना के माध्यम से कार्य कर रहे हैं। इस अवधि में उन्हें केवल दो माह का वेतन मिला है और उसके लिए भी हर बार आंदोलन करना पड़ा। कर्मचारियों ने बताया कि डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण कार्य में 34 कर्मचारी लगे हुए हैं, जिनका करीब 8 लाख रुपये वेतन बकाया है। उन्हें हर माह केवल 7 से 8 हजार रुपये वेतन मिलता है, जबकि ईपीएफ की कटौती भी नियमित रूप से की जाती है।



रतिया। नगरपालिका अधिकारी से बातचीत करते कर्मचारी।

### 41 की हाजिरी, काम कर रहे केवल 34 कर्मचारी

धरने के दौरान कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि विभाग के रिकॉर्ड में 41 कर्मचारियों की हाजिरी लगाई जाती है, जबकि मौके पर केवल 34 कर्मचारी ही कार्यरत हैं। उन्होंने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

**सचिव बोले : ठेकेदार से हो रही बातचीत**

धरने के दौरान कर्मचारियों ने नगर पालिका सचिव शुभम कुमार को ज्ञापन सौंपकर बकाया वेतन का जल्द भुगतान कराने की मांग की। सचिव ने कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि ठेकेदार से बातचीत की जा रही है और जल्द समाधान निकालने का प्रयास किया जाएगा। धरने पर बैठे कर्मचारियों ने स्पष्ट कहा कि जब तक तीन माह का बकाया वेतन उनके खातों में नहीं पहुंचता, तब तक डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का कार्य बंद रहेगा।

# गुडियाखेड़ा माइनर टूटी 12 एकड़ फसल जलमग्न

करीब 20 फुट चौड़ी आई दरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चोपटा

क्षेत्र में गुडियाखेड़ा माइनर नहर टूट गई। माइनर टूटने के कारण मूंगफली और धान की लगभग 12 एकड़ फसल जलमग्न हो गई। एक तरफ सिंचाई पानी की पहले से कमी है और नहरी पानी पर्याप्त नहीं आ रहा। दूसरी तरफ माइनर का पानी खेतों तक पहुंचने से पहले ही टूट जाता है। इस कारण किसान सिंचाई पानी बिना ही रह गए।

### किसानों ने की मुआवजे की मांग

जानकारी अनुसार गांव निरबाण गांव के पास माइनर टूटी है और माइनर में करीब 20 फुट चौड़ी दरार आ गई। इससे राजकुमार सिंवर और आत्मा राम कस्वां के खेतों में खड़ी मूंगफली और धान की फसलें पूरी तरह पानी में डूब गई। किसानों ने बताया कि माइनर रात में टूटी, जिससे उनकी फसलें बर्बाद हो गई। जिन किसानों की सिंचाई की बारी आगे थी, उनके खेत भी सूखे रह गए। ग्रामीणों ने तत्काल सिंचाई विभाग को माइनर टूटने की सूचना दी। विभाग द्वारा नहर को पीछे से बंद करवाकर दरार को पाटने का काम शुरू किया जाएगा। देर तक माइनर से पानी बहता रहा और फसलों में जलभराव शुरू रहा। ग्रामीणों का कहना है कि बार-बार माइनर के टूटने से खेतों में खड़ी फसलें खराब हो रही है। किसानों ने इस फसल खराबे के लिए मुआवजे की मांग की और जिन किसानों की सिंचाई नहीं हो पाई, उनकी भरपाई की मांग की है।

# पन्नीवाला मोटा में जल निकासी ठप

- ग्राम पंचायत द्वारा सडक़ के नीचे पुलिया डालकर की जा रही है पानी की निकासी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ओढां

गांव पन्नीवाला मोटा में संगरिया रोड ऊंचा होने के कारण मस्जिद वाली गली सहित आसपास की दो-तीन गलियों में बरसाती पानी की निकासी पूरी तरह बाधित हो गई है। इसके चलते बारिश का पानी गलियों में जमा हो गया और मस्जिद वाली गली में रहने वाले मोनू पुत्र इकबाल खान के मकान में तरेड आने से भारी नुकसान पहुंचा है। लगातार पानी भरा रहने से मकान की दीवारों में दरारें आ गई हैं, जिससे मकान असुरक्षित हो गया है। गलीवासियों का आरोप है कि जल निकासी की समस्या को लेकर ग्राम पंचायत को अवगत करवा दिया गया, लेकिन अभी तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते निकासी की व्यवस्था नहीं की गई और कोई अप्रिय घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत की होगी। इस मौके पर अमीन खान, विजय वर्मा, सुरजपाल, राकेश पटीर, मसहेद खान, दलीप, कालूराम, विजय सहित गलीवासी उपस्थित रहे। सभी ने प्रशासन से तत्काल जल निकासी की व्यवस्था करने और प्रभावित परिवार को उचित सहायता प्रदान करने की मांग की है।



सिरसा। पन्नीवाला मोटा में मस्जिद वाली गली में क्षति ग्रस्त मकान में लोडर से मिट्टी डालते। फोटो : हरिभूमि

### बरसाती पानी से मकान क्षतिग्रस्त

# सिरसा में कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

- सीएम सुनेंगे शिकायतें, दो विकास परियोजनाओं का भी करेंगे लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 23 जुलाई को सुबह साढे आठ बजे चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय सिरसा के ऑडिटोरियम हॉल में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में तीन लंबित एवं 16 नई शिकायतों सहित कुल 19 शिकायतों की सुनवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री के दौरा कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। बुधवार को उपायुक्त शांतनु शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदर्शदीप सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सीडीएलयू सिरसा स्थित कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सिरसा दौरे के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा 77वें जिला स्तरीय वन महोत्सव के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम 3.0' अभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, वीटा दुग्ध संघ द्वारा स्थापित 20 हजार लीटर क्षमता वाले दुग्ध शीतकरण केंद्र का लोकार्पण भी करेंगे। वहीं नागरिक अस्पताल सिरसा परिसर स्थित इंटीग्रेटेड ड्रग रिकवरी सेंटर का भी शुभारंभ करेंगे।

# जिला बार संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल को दिया समर्थन

- दमनकारी नीति को रद्द करवाने के लिए उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ज्वाइंट एक्शन कमेटी पंजाब एंड हरियाणा के आह्वान पर एलएडीसी पॉलिसी को रद्द करवाने के लिए जारी हड़ताल को बुधवार को जिला बार संघ सिरसा ने समर्थन दिया। जिला बार के प्रवक्ता एडवोकेट मोहनलाल अरोड़ा ने बताया कि इसके बाद उपायुक्त को सरकार के नाम ज्ञापन भी सौंपा गया। वरिष्ठ अधिवक्ता नरेंद्र सिंह यादव ने बताया कि ज्वाइंट एक्शन कमेटी पंजाब एंड हरियाणा जैसे-जैसे हमें आदेश देगी, जिला बार संघ सिरसा उनके आदेशों का पालन करके पूर्ण सहयोग करती रहेगी। जिला बार संघ के सचिव हरदीप सिंह सिद्धू ने हड़ताल कर रहे वकीलों को संबोधित करते हुए कहा कि यह दमनकारी एलएडीसी प्रणाली इसी तरह लागू रही तो वकीलों का कार्य अत्यधिक प्रभावित होगा।



सिरसा। एलएडीसी पॉलिसी को रद्द करवाने की मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे जिला बार संघ के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# पेट्रोल पंप से बिना भुगतान किए फरार चालक 24 घंटे में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

राष्ट्रीय राजमार्ग 9 पर आर्यन स्कूल के पास स्थित पेट्रोल पंप से 1800 रुपये का पेट्रोल भरवाकर बिना भुगतान किए फरार होने के मामले में थाना शहर फतेहाबाद पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने महज 24 घंटे के भीतर कार्रवाई करते हुए आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है और वारदात में इस्तेमाल मारुति बलेनो कार को भी कब्जे में ले लिया है। थाना शहर फतेहाबाद प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्रा ने बताया कि यह कार्रवाई आनंद फ्यूल्स पेट्रोल पंप के सेल्समैन सम्पत सिंह की शिकायत पर की गई है। शिकायत के अनुसार, गत 21 जुलाई को दोपहर करीब 3 बजे एक बलेनो कार चालक गाड़ी में 1800 रुपये का पेट्रोल भरवाने के बाद बिना पैसे दिए मौके से फरार हो गया था। विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई।



फतेहाबाद। तेल डलवाकर भागने वाला युवक पुलिस गिरफ्त में।

# ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

- शक्ति नगर स्थित लेमन फैक्ट्री वाली गली में धांधली का आरोप

वार्ड नंबर 3 के शक्ति नगर स्थित लेमन फैक्ट्री वाली गली में हुई धांधली के विरोध में नगर पार्षद रमेश मेहता ने कार्रवाई की मांग की हैं। पार्षद रमेश मेहता ने नगर परिषद प्रशासन और संबंधित ठेकेदार के खिलाफ कड़ा रोष जताया है। पार्षद ने बताया कि ठेकेदार विकास जैन द्वारा इस गली का निर्माण लगभग एक महीने पहले कराया गया था। निर्माण कार्य के दौरान ही पार्षद और गलीवासियों ने ठेकेदार द्वारा इस्तेमाल की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए थे। ठेकेदार को कई बार सही तरीके से काम करने की सख्त चेतावनी दी गई थी और मामले की जानकारी नगर परिषद के उच्च अधिकारियों के संज्ञान में भी लाई गई थी। पार्षद का आरोप है कि गली के निहायत ही घटिया निर्माण को देखते हुए उन्होंने नगर परिषद से संबंधित ठेकेदार का भुगतान रोकने के लिए लिखित और मौखिक गुजारिश भी की थी। लेकिन प्रशासन की लापरवाही का फायदा उठाते हुए ठेकेदार अपनी मनमानी करता रहा, जिसके नतीजे में पहली ही बारिश में गली का नामो-निशान मिटने की कगार पर आ गया। इससे नगर परिषद की साख खराब होती है। यहां तक कि ठेकेदार ने लेमन फैक्ट्री के आगे वाली गली का लेवल ठीक नहीं रखा जिसके चलते जलभराव की समस्या बनी हुई हैं। उन्होंने मांग की कि प्रशासन को तुरंत संज्ञान लेते हुए इस ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करना चाहिए।



सिरसा। एक माह पूर्व बनाई गई गली का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

## जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त ने दिए निर्देश

# शहरी क्षेत्र में फुटपाथ बनाने के लिए प्लान तैयार करें एजेंसियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने बुधवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। बैठक में सडक़ सुरक्षा, यातायात व्यवस्था में सुधार तथा दुर्घटनाओं की रोकथाम को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की गई। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आम नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही के लिए फुटपाथ अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी सडक़ निर्माण एवं रखरखाव एजेंसियों को निर्देश दिए कि वे शहरी क्षेत्र में अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में फुटपाथ विकसित करने के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करें और इस दिशा में आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में बताया गया कि दिल्ली पुल पर यातायात को अधिक सुगम बनाने तथा सडक़ के विस्तार की संभावनाओं पर कार्य करने के लिए सिंचाई विभाग, एचएसआईडीसी और लोक निर्माण विभाग के उपमंडल अभियंताओं की कमेटी गठित की गई है। कमेटी आवश्यक सर्वेक्षण कर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। बैठक में एसडीएम राजेंद्र कुमार, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण सचिव संजय, जिला शिक्षा अधिकारी सुभाष फुटेला, जिला वन अधिकारी सतीश कुमार, हरियाणा राज्य परिवहन के महाप्रबंधक अजय दलाल, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मुकेश, बिजली निगम के कार्यकारी अभियंता धीरज कुमार आदि मौजूद रहे।



सिरसा। सडक़ सुरक्षा समिति की बैठक लेते डीसी। फोटो : हरिभूमि

### तिपहिया वाहनों के लिए वैकल्पिक मार्ग पर चर्चा


उपायुक्त ने सभी संबंधित सड़क एजेंसियों को मॉडल सड़कें विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही बस स्टैंड के बाहर यातायात को सुचारू बनाए रखने और जाम की समस्या से बचने के लिए समुचित प्लान तैयार करने को कहा। उन्होंने सिविल अस्पताल रोड पर लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या के समाधान के लिए नगर परिषद से विस्तृत रिपोर्ट भी मांगी। बैठक में इस मार्ग पर तिपहिया वाहनों के लिए अलग लेन अथवा वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया।



हेल्थ क्वेस्ट

डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

# हाई बीपी की वजह से जब महसूस हो सिरदर्द



**मेरी उम्र 43 वर्ष है। हाल ही में मुझे हाई बीपी की समस्या का पता चला। अकसर सिरदर्द और चक्कर महसूस होता है। कृपया बताएं मुझे कौन सी दवा और कैसी डाइट लेनी चाहिए?**

**-शेखर, बिलासपुर**

आपको तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए। वे एक हफ्ते तक बीपी मॉनिटर करेंगे। आपका बीपी कब बढ़ता है, किस समय ज्यादा होता है, इसका पता करेंगे। इसके बाद वह दवा डिसाइड करेंगे। बिना जांच के कोई भी बीपी की दवा खाना ठीक नहीं रहेगा। इसलिए डॉक्टर पूरा मॉनिटर करने के बाद ही दवा सजेस्ट करेंगे। उसे आपको रेग्युलर खाना होगा।

**मेरी उम्र 32 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी स्किन पर लाल-लाल दाने और रैशेज हो जाते हैं। इनमें ईचिंग होती है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जितेश, जांजगीर चांपा**

आपने यह नहीं बताया कि ये दाने पानी वाले हैं या सूखे? क्योंकि दोनों तरह के दाने का कारण अलग-अलग होते हैं। फिलहाल आप इन दानों को नाखून से खुजलाएं नहीं और इन पर नारियल का तेल लगाएं। अगर ज्यादा परेशानी हो रही हो तो आप त्वचा रोग विशेषज्ञ से संपर्क कर सकते हैं। फिलहाल कोई भी एंटी एलर्जी दवा आप ना लें।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरे पैर की अंगुलियों के बीच फफोले पड़ जाते हैं। इससे चलने-फिरने में काफी दिक्कत होती है। कृपया बताएं कि इससे कैसे निजात पाया जाए?**

**-देवेंद्र, महासमुंद**

क्या आपके पैर बरसाती पानी में अधिक रहते हैं? क्योंकि कई बार इस पानी में गंदगी मिली होती है, जिससे पैरों में इंफेक्शन हो जाता है। अगर ऐसा है तो आप घर आकर पैरों को साबुन से धोएं और ठीक तरीके से पोंछें। अगर संभव हो तो डिसइंफेक्टेंट मिले पानी से धुलें और फिर उस के बाद सुखाकर नारियल तेल भी लगा सकते हैं। इससे आपको राहत मिलेगी।

**मेरी उम्र 35 वर्ष है। कुछ माह पहले किडनी में स्टोन का ऑप्रेशन हुआ था। कुछ दिनों से उसी स्थान पर दर्द हो रहा है। प्लीज बताएं अब मुझे क्या करना चाहिए?**

**-मुकेश, भोपाल**

आपको डॉक्टर से संपर्क कर एक अल्ट्रासाउंड कर लेना चाहिए। अगर आपका ऑप्रेशन हो चुका है तो स्टोन के दर्द की संभावना बहुत कम है। हो सकता है कि इंफेक्शन की वजह से यह समस्या आ रही हो, लेकिन बगैर जांच कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है।

**मेरी उम्र 50 वर्ष है। पिछले कुछ दिनों से मुझे सर्दी-खांसी की समस्या लगातार बनी हुई है। कफ-सिरप और दवाइयां भी कुछ खास असर नहीं कर रहीं। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताएं।**

**-कमलेश, जींद**

आप बता रहे हैं कि खांसी लंबे समय से आ रही है तो आपको डॉक्टर से संपर्क कर जांच करवा लेनी चाहिए। वैसे भी 2 सप्ताह से अधिक खांसी होने पर टीबी की जांच जरूर करा लेनी चाहिए। मौजूदा मौसम में वायरल इंफेक्शन भी हो जाता है, जिससे खांसी आती है। लेकिन आप फिलहाल फ्रिज में रखी चीज और ठंडा पानी पीना बिल्कुल बंद कर दें। बाजार का पानी भी न पिएं। इसके बाद भी राहत नहीं मिलती तो जरूर डॉक्टर से संपर्क कर सकते हैं।

**मेरी उम्र 62 वर्ष है। बरसात के मौसम में मेरी अस्थमा की समस्या बढ़ जाती है। कृपया बताएं कि ऐसा क्या करूं, जिससे इस बरसात के मौसम में स्वस्थ रह सकूं।**

**-रत्नेश्वर, जबलपुर**

आपको घर से निकलते समय मुंह और नाक पर मास्क लगा लेना चाहिए। साथ ही जब तेज हवा या आंधी चले तो कोशिश करें घर के अंदर रहें, क्योंकि अस्थमा रोगियों को धूल से दिक्कत हो जाती है। इस तरह बचाव करके ही आपको राहत मिलेगी। लेकिन ज्यादा दिक्कत हो रही हो तो डॉक्टर से संपर्क कर आप इनहेलर या कोई दवा लिखवा सकते हैं। *

**प्रस्तुतिः रिचा पांडे**

**पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल**
sehatharibhoomi@gmail.com **पर ई-मेल कर सकते हैं।**

स्पेशलः वर्ल्ड हेपेटाइटिस डे, 28 जुलाई

हेपेटाइटिस, लिवर यानी यकृत में होने वाला गंभीर वायरल संक्रमण है। अलग-अलग कारणों, लक्षणों और गंभीरता के स्तर पर इसके कई प्रकार होते हैं। इन सभी का प्रॉपर ट्रीटमेंट संभव है लेकिन इसके लिए समय रहते हेपेटाइटिस की पहचान होना जरूरी है। इसलिए यहां डिटेल में हेपेटाइटिस के कारणों, उसके लक्षणों और इससे बचने के उपायों के बारे में एक्सपर्ट डॉक्टर्स बता रहे हैं।

# हेपेटाइटिस समय पर पहचान से पॉसिबल है प्रॉपर ट्रीटमेंट

डॉक्टर्स एडवाइस

हर साल 28 जुलाई को विश्व हेपेटाइटिस दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य लोगों को हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक करना, समय पर जांच कराने के लिए प्रेरित करना और इस बीमारी से होने वाली गंभीर जटिलताओं को रोकना है।

## कैसे फैलता है हेपेटाइटिस

हेपेटाइटिस रोग और इसके होने के कारणों के बारे में रीजेंसी हॉस्पिटल, गोरखपुर के कंसल्टेंट-गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, **डॉ. सचिन एच. जे.** बताते हैं कि हेपेटाइटिस एक वायरल संक्रमण है, जिसमें लिवर (यकृत) में सूजन आ जाती है। यह मुख्य रूप से हेपेटाइटिस ए, बी, सी, डी और ई वायरस के कारण होता है। इनमें हेपेटाइटिस ए और ई आमतौर पर दूषित भोजन और पानी के सेवन से फैलते हैं, जबकि हेपेटाइटिस बी और सी संक्रमित रक्त, असुरक्षित इंजेक्शन, संक्रमित सुई, असुरक्षित यौन संबंध तथा संक्रमित मां से नवजात शिशु में फैल सकते हैं। वहीं, हेपेटाइटिस डी केवल उन लोगों में होता है जो पहले से हेपेटाइटिस बी से संक्रमित होते हैं। संक्रमण के प्रकार के अनुसार बीमारी कुछ मामलों में कुछ सप्ताह में ठीक हो सकती है, जबकि कई मामलों में यह लंबे समय तक लिवर को नुकसान पहुंचाकर गंभीर रूप ले सकती है।

## लापरवाही हो सकती है खतरनाक

हेपेटाइटिस एक ऐसी बीमारी है, जिसमें लिवर में सूजन आ जाती है। यदि समय रहते इसका इलाज न कराया जाए तो यह लिवर सिरोसिस, लिवर फेलियर और लिवर कैंसर जैसी गंभीर समस्याओं का कारण बन सकती है।

## नहीं दिखते स्पष्ट लक्षण

हेपेटाइटिस रोग होने पर सबसे बड़ी चुनौती यह है कि शुरुआती चरण में अकसर इसके कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते हैं। यही वजह है कि कई लोग वर्षों तक इस संक्रमण के साथ सामान्य जीवन जीते रहते हैं और उन्हें पता ही नहीं चलता कि उनका लिवर धीरे-धीरे प्रभावित हो रहा है। जब तक लक्षण सामने आते हैं, तब तक बीमारी कई बार गंभीर अवस्था में पहुंच चुकी होती है। इसलिए हेपेटाइटिस के सामान्य लक्षणों के बारे में सजग रहना बहुत जरूरी है।

## हेपेटाइटिस के प्रमुख लक्षण

हेपेटाइटिस के लक्षण अलग-अलग रोगियों में अलग तरह के हो सकते हैं। इसके प्रमुख लक्षणों में बिना कोई परिश्रम किए लगातार थकान महसूस होना, भूख कम लगना, मितली, उल्टी, लंबे समय तक हल्का बुखार बने रहना, पेट के दाईं ओर दर्द, आंखों और त्वचा का पीला पड़ना (पीलिया), गहरे रंग का पेशाब आना, हल्के रंग का मल तथा शरीर में कमजोरी शामिल हो सकती है। ऐसे किसी भी लक्षण के दिखाई देने पर बिना देरी किए डॉक्टर से परामर्श लेकर आवश्यक जांच करानी चाहिए। इसमें लापरवाही बरतना जान लेवा हो सकता है।





## टीकाकरण-इलाज से बचाव संभव

अपोलो स्पेक्ट्रा हॉस्पिटल, दिल्ली में सीनियर कंसल्टेंट-इंटरनल मेडिसिन, **डॉ. संचयन रॉय**, हेपेटाइटिस से बचाव के लिए कुछ सरल लेकिन प्रभावी उपायों के बारे में बताते हैं। उनके अनुसार, 'हेपेटाइटिस बी का सुरक्षित और प्रभावी टीका उपलब्ध है, इसलिए नवजात शिशुओं से लेकर जोखिम वाले वयस्कों तक सभी को डॉक्टर की सलाह के अनुसार टीकाकरण कराना चाहिए। साफ और सुरक्षित पानी का ही सेवन करें, भोजन की स्वच्छता का ध्यान रखें, केवल नई और स्टेराइल सुई का इस्तेमाल करें। बिना जांचे हुए रक्त कभी ट्रांसफ्यूज न करवाएं। हमेशा सुरक्षित यौन संबंध अपनाएं। टैटू या पियर्सिंग हमेशा प्रमाणित केंद्रों पर ही कराएं। यानी जहां पर हाइजीन और सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता है। यदि किसी व्यक्ति को हेपेटाइटिस बी या सी का खतरा है या परिवार में किसी को यह संक्रमण है, तो समय पर ब्लड टेस्ट कराना बेहद जरूरी है। आज हेपेटाइटिस बी को दवाओं से नियंत्रित किया जा सकता है और हेपेटाइटिस सी का आधुनिक एंटीवायरल दवाओं से अधिकांश मामलों में सफल इलाज संभव है। इसलिए समय पर जांच और उपचार से गंभीर जटिलताओं से बचा जा सकता है।'



## सबसे जरूरी है जागरूकता

हेपेटाइटिस के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार जागरूकता, समय पर जांच, टीकाकरण और सही इलाज है। इस बीमारी की सबसे बड़ी चुनौती यह है कि कई लोगों में लंबे समय तक कोई स्पष्ट लक्षण दिखाई नहीं देते, जिससे संक्रमण का पता देर से चलता है। ऐसे में जोखिम वाले लोगों को नियमित जांच करानी चाहिए और लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए।

## इन उपायों से होगा बचाव

हेपेटाइटिस से बचाने के लिए आप अपने दैनिक जीवनचर्या में यहां बताई जा रही बातों को अमल में लाकर सुरक्षित रह सकते हैं।

- हमेशा स्वस्थ और अनुशासित जीवनशैली को अपनाएं।
- स्वच्छ, ताजे और पौष्टिक भोजन का सेवन करें। हमेशा स्वच्छ और संक्रमणमुक्त पानी ही पिएं। सबसे ज्यादा संक्रमण पानी से ही होता है इसलिए आरओ का पानी या फिल्टर किया हुआ पानी या फिर अच्छी तरह उबाले गए पानी को ही ठंडा कर पीना चाहिए।
- जब भी इंजेक्शन लगवाना हो तो केवल स्टेराइल सुई या डिस्पोजेबल नीडिल का ही का उपयोग करना चाहिए।
- संक्रमित रक्त से बचाव भी जरूरी है। इसलिए ब्लड ट्रांसफ्यूजन से पहले जरूरी सावधानी बरतें। परीक्षित रक्त ही ट्रांसफ्यूज करवाएं।
- हेपेटाइटिस ए और हेपेटाइटिस ई से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आने से बचना चाहिए क्योंकि इसका संक्रमण रोगी के संपर्क में आने से फैल सकता है।

ये सभी उपाय संक्रमण रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यदि हर व्यक्ति अपने लिवर के स्वास्थ्य के प्रति सजग रहे और समय रहते सही कदम उठाए, तो हेपेटाइटिस से होने वाली अधिकांश गंभीर जटिलताओं और मौतों को रोका जा सकता है। *

**प्रस्तुतिः सेहत फीचर्स**

सीजनल केयर

निकिता चौहान

# आयुर्वेदिक काढ़े से बढ़ेगी इम्यूनिटी

मानसून के दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव होता रहता है। इस कारण कुछ लोगों को जुकाम, खांसी, स्किन पर रैशेज, दाने, लूजमोशम, बुखार आदि समस्याएं होने लगती हैं। ऐसा उन लोगों के साथ ज्यादा होता है, जिन लोगों की रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी थोड़ी वीक होती है। इसलिए यहां आपको कुछ ऐसी जड़ी-बूटियों के बारे में बता रहे हैं, जिनका काढ़ा आप घर में ही आसानी से बनाकर पी सकते हैं, इससे आपकी इम्यूनिटी मजबूत होगी।

**गिलोयः** गिलोय की तासीर एंटी-पायरेटिक होती है, जो शरीर की गर्मी को खत्म करती है और कई बीमारियों से राहत दिलाता है जैसे डेंगू, मलेरिया, वायरल बुखार आदि में गिलोय का काढ़ा राहत प्रदान करता है।



**अश्वगंधाः** अश्वगंधा में एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो मानसून में होने वाले वायरल इंफेक्शन से लड़ने में मदद करते हैं।

**चिरायताः** बारिश के मौसम में पेट का संक्रमण बढ़ जाता है। जिस कारण एसिडिटी और लूज मोशन होने लगते हैं। चिरायता में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स, रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं, जो हमारे पेट के संक्रमण को कम करने में मदद करते हैं।

**मुलेठीः** मानसून में उमस के करण शरीर पर चिपचिपाहट बढ़ जाती है, जिस वजह से रैशेज और खुजली होती है। मुलेठी में एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। यह इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाता है।

**सोंठः** बारिश के मौसम में पेट खराब होने के साथ, जुकाम, खांसी और बुखार आदि के मामले बढ़ जाते हैं। सोंठ में एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल गुण होते हैं। इसका काढ़ा पीने से मानसून में होने वाली बीमारियों से लड़ने में मदद मिलती है।

**मोथा घासः** मोथा घास को आयुर्वेद में बेहद लाभकारी माना गया है। यह मानसून सीजन में होने वाली खांसी, जुकाम, बुखार और स्किन से जुड़ी समस्यायों से राहत प्रदान करता है।

**आमलकीः** आमलकी में विटामिन-सी खूब पाया जाता हैं, जो मानसून में होने वाली बीमारियों से बचाव करता है।

**बनाने का तरीकाः** यहां बताई गई सभी जड़ी-बूटियों को 30-30 ग्राम लें। सिर्फ सोंठ को 20 ग्राम ही लें। सभी को रात में पानी में भिगोकर रख दें। इसके बाद सुबह सभी जड़ी बूटियों को पानी में डालकर तेज आंच पर गर्म कर लें। अब काढ़ा तैयार है। फिर इसको हल्का ठंडा होने के बाद आधा गिलास सुबह और आधा गिलास शाम को पिएं। यह काढ़ा इस मौसम में रोगों से बचाव में बहुत उपयोगी है। लेकिन बेहतर होगा कि अपने डॉक्टर से कंसल्ट करके ही इस काढ़े का सेवन करें। *

**(आयुर्वेदिक विशेषज्ञ डॉ. श्रेय शर्मा से बातचीत पर आधारित)**

डिजीज

अंशु सिंह

सीआरपीएस एक असामान्य लेकिन बहुत पीड़ादायक समस्या है। यह वास्तव में नर्व्स से जुड़ी समस्या है। ऐसे में इसके लक्षणों को पहचानकर सही उपचार से ही रोगी को राहत मिल सकती है। इस बारे में विस्तार से जानिए।

# सीआरपीएस यह दर्द सहा न जाए

कहते हैं कि ज्यादातर दर्द कोई न कोई संदेश देता है। यह आपके शरीर की चोट के बारे में बताता है, आराम करने के लिए प्रेरित करता है। चोट ठीक होने पर धीरे-धीरे कम हो जाता है। लेकिन कुछ लोगों में दर्द लंबे समय तक बना रहता है। कई बार तेज हो जाता है। मूल चोट के ठीक हो जाने के काफी समय बाद अपनी ही एक अलग स्थिति बना लेता है। इसे ही 'कॉम्प्लेक्स रीजनल पेन सिंड्रोम' या सीआरपीएस कहते हैं, जो व्यक्ति की चाल-ढाल, संवेदना, त्वचा और जीवन की गुणवत्ता को बुरी तरह प्रभावित करती है। हाल ही में अभिनेत्री अर्चना पूरन सिंह के बेटे आयुष्मान सेठी ने इंस्टाग्राम रील में मां की हिम्मत की तारीफ की कि कैसे साल 2025 में कलाई में चोट लगने के बाद उन्हें सीआरपीएस हो गया था। फिल्म 'विक्की विद्या का वो वाला वीडियो' के सेट पर चोट लगने के बाद हुई इस बीमारी ने अर्चना के हाथ पर स्थाई असर डाला।

**क्या है सीआरपीएसः** नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ के अध्ययन के अनुसार, सीआरपीएस एक लंबे समय तक रहने वाली न्यूरोपैथिक दर्द की बीमारी है, जिसमें चोट लगने के बाद होने वाले सामान्य दर्द की तुलना में दर्द बहुत ज्यादा रहता है। वह लंबे समय तक बना रहता है। यह दर्द को आमतौर पर जलन, चुभन या धड़कन जैसा होता है। कलाई टूटने, सर्जरी के दौरान लगे कट या मामूली मोच जैसी चीजों से शुरू होने वाली यह समस्या आगे चलकर पूरे शरीर में होने वाले गंभीर दर्द में बदल सकती है। यह दो प्रकार के होते हैं। टाइप 1, बिना किसी नर्व इंजरी के होता है जबकि टाइप 2, नर्व डैमेज की पुष्टि होने के बाद होता है।



**समस्या का मूल कारणः** सीनियर न्यूरोलॉजिस्ट **डॉ. विशाल** के अनुसार, सीआरपीएस एक गंभीर न्यूरोलॉजिकल दर्द की स्थिति है, जिसमें किसी एक अंग, हाथ या पैर, चोट, फ्रैक्चर, सर्जरी या यहां तक कि मामूली आघात के बाद लॉन्ग पीरियड फंक्शनल और सेंसरी परिवर्तन विकसित करता है। यह कहीं से हड्डियों या मांसपेशियों को होने वाली क्षति की वजह से नहीं, बल्कि दर्द संकेतों की सही व्याख्या करने में तंत्रिका तंत्र की विफलता के कारण होता है। इस स्थिति में, मूल चोट ठीक होने के बाद भी मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी दर्द संदेश प्रसारित करना जारी रखते हैं। इससे लंबे समय तक दर्द, कठोरता, सूजन और गति में विकृति आती है। मोटर और ऑटोनॉमिक गड़बड़ियां होने से त्वचा का रंग बदलना, तापमान में बदलाव, सूजन, पसीना आना, अकड़न, कमजोरी और संवेदना में बदलाव आम है।

**सीआरपीएस के लक्षणः** जलन या चीरने जैसा दर्द, जो लगातार या रुक-रुक कर होता है। ऐसी चीजों से दर्द होना, जिनसे आमतौर पर दर्द नहीं होना चाहिए, जैसे हल्का छूना, हल्की हवा या तापमान में बदलाव। ऐसी चीजों पर बहुत ज्यादा दर्द महसूस होना, जिनसे आमतौर पर सिर्फ हल्की तकलीफ होती है, जैसे सुई चुभना। प्रभावित अंग पर धब्बे दिख सकते हैं। वह लाल, नीला, पीला या बैंगनी हो सकते हैं। प्रभावित हिस्से में सूजन (एडिमा) आ-जा सकती है या बनी रह सकती है। त्वचा चमकदार और पतली हो सकती है या उस पर बहुत ज्यादा पसीना आ सकता है। प्रभावित अंग को हिलाने की क्षमता कम होना, अकड़न बढ़ना, कंपन या मांसपेशियों में ऐंठन होना।

**क्या है समाधानः** जहां तक सीआरपीएस के उपचार का सवाल है, तो इसमें दर्द कम करने और शरीर की हलचल बनाए रखने पर ध्यान दिया जाता है। इसके लिए फिजियोथेरेपी, नसों के दर्द की दवाएं और कुछ खास मामलों में दर्द कम करने वाले इंटरवेंशनल प्रोसीजर का इस्तेमाल किया जाता है। डॉ. विशाल का कहना है कि मेंटल सपोर्ट भी उतना ही जरूरी है, क्योंकि लंबे समय तक रहने वाला दर्द मानसिक रूप से बहुत परेशान करता है। हालांकि सीआरपीएस जानलेवा नहीं है, लेकिन यह जिंदगी अवश्य बदल सकता है। इसलिए बीमारी की गंभीरता के बारे में जानकारी होना जरूरी है, ताकि मरीज समय पर इलाज करवा सके। उसे कभी भी नजरअंदाज न करें। *

अवेयरनेस

डॉ. एम. वली
सीनियर फिजिशियन
सर गंगाराम अस्पताल, दिल्ली

गर्मी में हीट स्ट्रोक हो या बरसात में संक्रमण से दस्त-उल्टी का प्रकोप या किसी बीमारी के कारण डिहाइड्रेशन, ओआरएस (ओरल रिहाइड्रेशन सोल्यूशन) पीना लाभकारी है। **वर्ल्ड ओआरएस डे (29 जुलाई)** पर जानिए इसकी उपयोगिताओं के बारे में।

# डिहाइड्रेशन से बचाने में सक्षम जीवनरक्षक ओआरएस

शरीर में पानी और आवश्यक लवणों (इलेक्ट्रोलाइट्स) की कमी पूरी करने वाला विशेष घोल है ओआरएस। डिहाइड्रेशन से बचाने वाला एक वैज्ञानिक, सुरक्षित और जीवनरक्षक उपाय है। सही समय पर, सही मात्रा में और सही तरीके से दिया गया ओआरएस गंभीर जटिलताओं और मृत्यु का जोखिम काफी हद तक कम कर सकता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, ओआरएस चिकित्सा विज्ञान की सबसे प्रभावी और कम लागत वाली खोजों में से एक है, जिसने पिछले पांच दशकों में लाखों लोगों विशेषकर बच्चों की जान बचाई है।

**क्या है ओआरएसः** ओआरएस पानी, ग्लूकोज (शर्करा), सोडियम, पोटेशियम और क्लोराइड जैसे आवश्यक खनिज लवणों का वैज्ञानिक अनुपात में तैयार किया गया घोल है। जब शरीर से अधिक मात्रा में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स निकल जाते हैं, तब यह घोल उनकी कमी को पूरा करने में मदद करता है।

**क्या हैं फायदेः** शरीर में पानी की कमी तेजी से पूरी करता है। इलेक्ट्रोलाइट्स का संतुलन बनाए रखता है। डिहाइड्रेशन से होने वाली गंभीर जटिलताओं का जोखिम घटाता है। बच्चों में अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता कम कर सकता है। कम लागत में प्रभावी उपचार उपलब्ध कराता है।

**किसके लिए है उपयोगीः** ओआरएस इन परिस्थितियों या बीमारी में हर आयुवर्ग के लोगों को दिया जा सकता है। डायरिया, बार-बार उल्टी होने, हैजा, रोटावायरस, नोरोवायरस संक्रमण के कारण वायरल गैस्ट्रोएंटेराइटिस होने पर, बहुत ज्यादा गर्मी या लू लगने के दौरान शरीर से बड़ी मात्रा में पानी और लवण निकल जाते हैं। या फिर डेंगू या अन्य बुखार में समुचित मात्रा में न पिए जाने पर व्यक्ति के शरीर में पानी की कमी होने की स्थिति में ओआरएस देना उपयोगी है।





**कैसे बनाएंः** आजकल बाजार में 5 ग्राम, 10 ग्राम, 21 ग्राम, 50 ग्राम और 75 ग्राम जैसे विभिन्न आकार के ओआरएस पैकेट उपलब्ध हैं। केवल पैकेट का आकार देखकर पानी की मात्रा तय नहीं करें। साफ या उबले और ठंडे किए गए पानी में ही घोलें। पूरे पैकेट को एक साथ निर्धारित मात्रा के पानी में ही घोलें। यदि आधा पैकेट इस्तेमाल करना हो, तो बिना माप के ऐसा न करें, क्योंकि नमक और ग्लूकोज का अनुपात बिगड़ सकता है। घोल तैयार होने के बाद उसे 24 घंटे के भीतर उपयोग कर लें। 24 घंटे बाद बचा हुआ घोल फेंक दें और नया घोल बनाएं।



**घर में करें तैयारः** यदि बाजार का ओआरएस उपलब्ध न हो, तो घर में भी आसानी से बनाया जा सकता है। 1 लीटर साफ पानी, 6 समतल छोटी चम्मच चीनी और आधी छोटी चम्मच नमक को अच्छी तरह मिलाकर तुरंत उपयोग करें।

**रहें सतर्कः** ओआरएस पीने से पहले हमेशा पैकेट पर लिखे गए निर्देशों का पालन करें। विशेषकर पैकेट पर लिखी पानी की मात्रा का जरूर ध्यान रखें। कम पानी मिलाने से घोल में नमक और शर्करा की मात्रा अधिक हो जाती है, जिससे शरीर में सोडियम का स्तर बढ़ सकता है। वहीं अधिक पानी मिलाने से घोल बहुत पतला हो जाता है और शरीर को आवश्यक इलेक्ट्रोलाइट पर्याप्त मात्रा में नहीं मिल पाते।

**इन बातों का रखें ध्यानः** डब्ल्यूएचओ या एफएसएसएआई मानक वाला पैकेटबंद ओआरएस ही बेहतर विकल्प है। संतरा, नीबू या अन्य फ्लेवर वाले ओआरएस, इलेक्ट्रोलाइट ड्रिंक, स्पोर्ट्स ड्रिंक या एनर्जी ड्रिंक नाम से उपलब्ध पेय यथासंभव अवॉयड करें। इनमें अकसर चीनी और इलेक्ट्रोलाइट्स का अनुपात नियत मात्रा से अधिक होता है, जिससे ये शरीर के लिए लाभकारी नहीं होते हैं। दस्त होने पर हर दस्त के बाद थोड़ी-थोड़ी मात्रा में ओआरएस दें। *

**प्रस्तुतिः रजनी अरोड़ा**

## खबर संक्षेप

### जिला कार्यालय में रोजगार मेला 28 को

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से समय-समय पर रोजगार मेलों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में जिला रोजगार कार्यालय में 28 जुलाई को प्रातः 10 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि इस रोजगार मेले में एमडी बायोकोल्स प्राइवेट लिमिटेड, एलआईसी सिरसा, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड तथा ट्रेंज लाइट सहित विभिन्न कंपनियां भाग लेंगी। मेले के दौरान पात्र अभ्यर्थियों का मौके पर ही चयन किया जाएगा। अभ्यर्थियों की आयु सीमा 20 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है।

### बोलेरो और थार की टक्कर में दो घायल

**फतेहाबाद।** जाखल में मंगलवार देर रात जाखल-चंडीगढ़ रोड पर एक बोलेरो और थार की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में थार सवार दो युवक घायल हो गए। वहीं, बोलेरो में सवार दोनों व्यक्ति गाड़ी छोडक़र मौके से फरार हो गए। जानकारी के अनुसार, लोहे के पाइपों से लदी एक बोलेरो कडैल चौक की ओर से आ रही थी, जबकि थार गाड़ी पंजाब के मूनक की तरफ जा रही थी। कडैल चौक और शहर के बस अड्डे के बीच स्थित शिव शक्ति मंदिर के पास दोनों वाहनों की जोरदार टक्कर हुई। इस दुर्घटना में थार सवार मूनक निवासी साहिल बंसल और सूरज घायल हो गए। सूरज के हाथ और नाक पर चोटें आई हैं।

### मतदाता जल्द जमा करें गणना प्रपत्र

**सिरसा।** हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत 22 जुलाई तक राज्य में 83.41 प्रतिशत गणना प्रपत्र बीएलओ के माध्यम से डिजिटाइज/अपलोड किए जा चुके हैं। शेष मतदाताओं के पास अपने गणना प्रपत्र बीएलओ को वापस जमा कराने के लिए अब केवल दो दिन का समय शेष है। विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि प्रत्येक मतदाता को बीएलओ द्वारा गणना प्रपत्र दो प्रतियों में उपलब्ध करवाया गया है। मतदाता को प्रपत्र में आवश्यक विवरण भरकर स्वयं अथवा परिवार के किसी वयस्क सदस्य के हस्ताक्षर करवाने के बाद इसे बीएलओ को वापस जमा कराना होगा। वहीं, बीएलओ के हस्ताक्षर वाला दूसरा प्रपत्र रसीद के रूप में अपने पास सुरक्षित रखना होगा। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई 2026 को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची-2026 में केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे, जिनके हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र बीएलओ को प्राप्त हो जाएंगे।

### डेरा बाबा भूमणशाह में गुरु पूर्णिमा पर होगा कार्यक्रम

**सिरसा।** मुख्य धाम बाबा भूमशाह में 29 जुलाई को गुरु पूर्णिमा एवं पौधा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। डेरे के सेवक सचिव विनोद एडवोकेट ने बताया कि आगामी 29 जुलाई की सुबह डेरा परिसर में डेरे के गद्दीनशीन संत बाबा ब्रह्मदास के पावन सान्निध्य में हवन यज्ञ किया जाएगा। इसके बाद रक्तदान शिविर आयोजित किया जाएगा।

## उपायुक्त ने लघु सचिवालय में आयोजित बैठक में दिए निर्देश

# शिक्षा व्यवस्था पर सख्ती, हर ब्लॉक की निगरानी के लिए अधिकारी तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** शिक्षा विभाग के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती। फोटो: हरिभूमि

डीसी डॉ. विवेक भारती ने बुधवार को लघु सचिवालय सभागार में शिक्षा विभाग, समग्र शिक्षा अभियान तथा विद्यालयों में चल रहे सिविल कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीसी डॉ. विवेक भारती ने कहा कि विभागीय पोर्टलों पर सभी आवश्यक सूचनाएं, प्रगति रिपोर्ट एवं अन्य महत्वपूर्ण डेटा समय पर अपलोड किया जाना सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रभावी निगरानी की जा सके। उन्होंने बताया कि जिला की शिक्षा व्यवस्था की समग्र मॉनिटरिंग के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। इसके अलावा प्रत्येक शिक्षा ब्लॉक के लिए प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी निर्धारित की गई है।

रतिया ब्लॉक की निगरानी एसडीएम रतिया, टोहाना ब्लॉक की एसडीएम टोहाना, भट्टू ब्लॉक की सीटीएम, भूना ब्लॉक की डीएमसी, फतेहाबाद ब्लॉक की एसडीएम फतेहाबाद व आरटीए तथा जाखल ब्लॉक की सीईओ जिला परिषद को सौंपी गई है।

उन्होंने कहा कि नियमित निरीक्षण एवं सतत मॉनिटरिंग से शिक्षा व्यवस्था में और अधिक सुधार आएगा तथा विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जा सकेगा। डीसी ने विद्यालयों में चल रहे सिविल कार्यों, आधारभूत ढांचे के विकास तथा पेयजल व्यवस्था की भी विस्तार से समीक्षा की।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किए जाएं तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। लंबित मामलों का समयबद्ध निस्तारण करते हुए विभागीय औपचारिकताओं एवं आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया भी समय पर पूरी की जाए।

### बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, सीटीएम गौरव गुप्ता, सीईओ जिला परिषद सुरेश कुमार, डीडीपीओ अनूप सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी संगीता बिश्नोई, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी अनीता बाई सहित शिक्षा एवं संबंधित विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**सिरसा।** मछली पालन फार्म में सुमित्रा। फोटो: हरिभूमि

## सिरसा की सुमित्रा बनीं मिसाल

# खारे पानी को बनाया कमाई का जरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

हरियाणा के सिरसा जिला निवासी गृहिणी सुमित्रा ने जहां कभी खारे पानी और लवणीय भूमि के कारण खेती करना मुश्किल माना जाता था, इस चुनौती को अपनी सबसे बड़ी ताकत बना दिया। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना (पीएमएमएसवाई) के तहत झींगा पालन में ऐसी सफलता हासिल की कि आज उनका नाम जिले की प्रेरणादायक महिला उद्यमियों में लिया जाता है।

- **प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत झींगा पालन में सफलता हासिल की**

सुमित्रा ने मेहनत और मजबूत इरादों से राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना ली है। सुमित्रा ने बुधवार को बताया कि उनका परिवार पहले पारंपरिक खेती पर निर्भर था, लेकिन क्षेत्र में भूजल की अधिक लवणता और नहरी पानी की कमी के कारण खेती लगातार घाटे का सौदा बनती जा रही थी। इसी दौरान उन्होंने झींगा पालन के बारे में जानकारी प्राप्त की। सुमित्रा ने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत आवेदन किया। लगभग 14 लाख रुपये की परियोजना पर उन्हें 8.35 लाख रुपये की सब्सिडी प्रदान की गई। इस सहायता से उन्होंने एक हेक्टेयर क्षेत्र में दो झींगा तालाब स्थापित किए और वैज्ञानिक तरीके से सफेद झींगा का उत्पादन शुरू किया। सुमित्रा की सफलता ने कर्मशाना ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के किसानों और महिलाओं को भी नई दिशा दिखाई है।

### सुमित्रा का पहले वर्ष का शुद्ध लाभ 19 लाख रुपये

पहले ही वर्ष में सुमित्रा ने लगभग 10 टन झींगा उत्पादन किया और करीब 19 लाख रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया। इस सफलता से उत्साहित होकर उन्होंने दूसरे वर्ष दो और तालाब तैयार किए, जिसके लिए उन्हें लगभग 8.40 लाख रुपये की अतिरिक्त सब्सिडी मिली। इसके बाद उनका वार्षिक उत्पादन बढकर 20 टन तक पहुंच गया। वित्तीय वर्ष 2023-24 में उनके उद्यम का वार्षिक कारोबार लगभग 68 लाख रुपये दर्ज किया गया। उनके फार्म से चार लोगों को प्रत्यक्ष तथा दस लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार भी मिला।

## एनपीएसएस मोबाइल ऐप की भी दी जानकारी

# कृषि विभाग की टीमों ने किया फसल सर्वेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

कृषि विभाग की टीमों ने बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में कपास की फसल का संयुक्त सर्वेक्षण किया गया। सर्वेक्षण के दौरान किसानों को कपास की फसल में कीट एवं रोगों के प्रभावी प्रबंधन के लिए एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन (आईपीएम) तकनीकों की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय एकीकृत नाशी जीव प्रबंधन केंद्र, फरीदाबाद के निर्देशन एवं संयुक्त कृषि निदेशक (कपास) डा. आत्मा राम गोदारा के सहयोग से हरियाणा के सिरसा, फतेहाबाद, हिसार, हांसी, भिवानी, चरखी दादरी तथा जींद सहित विभिन्न जिलों में किसानों के खेतों में प्रति एकड़ 4 से 5 फेरोमोन ट्रैप लगाए जा रहे हैं। वहीं रस चूसने वाले कीटों की निगरानी एवं नियंत्रण के लिए प्रति एकड़ लगभग 20 पीले एवं नीले स्टिकी ट्रैप लगाने का प्रदर्शन भी किया जा रहा है। इन ट्रैपों के माध्यम से खेतों में कीटों की संख्या एवं संभावित नुकसान का आंकलन किया जा सकता है।

उन्होंने बताया कि प्रदर्शन प्लॉटों में फेरोमोन ट्रैप के अच्छे परिणाम मिलने के बाद अन्य किसान भी इनका उपयोग कर रहे हैं, जिससे कपास में गुलाबी सुंडी के नियंत्रण में सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।



**सिरसा।** कपास फसल का निरीक्षण करती कृषि विभाग की टीम।

### सर्वेक्षण दल में ये रहे शामिल

संयुक्त सर्वेक्षण दल में भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के डीपीपीक्यूएस-आरसीआईपीएमसी, फरीदाबाद से सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डॉ. लक्ष्मी कांत, डॉ. के.पी. शर्मा तथा सुरजीत बर्मन, संयुक्त कृषि निदेशक (कपास), सिरसा के तकनीकी सहायक डॉ. रोबर्ट रोबिनसन तथा कृषि पर्यवेक्षक योगेश कुमार शामिल रहे।

## नागरिक अस्पताल में लगाए पौधे

**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल फतेहाबाद परिसर में पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए विशेष पौधारोपण अभियान चलाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंची मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सह सचिव डॉ. सुयशा जावा ने स्वयं पौधा लगाकर अभियान की शुरुआत की। उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते हुए सीजेएम डॉ. सुयशा जावा ने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सभी का नैतिक दायित्व है। जलवायु परिवर्तन के दौर में अधिक से अधिक पेड़ लगाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। अस्पताल परिसर में पेड़-पौधों की मौजूदगी से वातावरण शुद्ध होता है और यहां आने वाले मरीजों को भी तनावमुक्त व सकारात्मक माहौल मिलता है। पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी पूरी देखभाल करना भी हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि अस्पताल परिसर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए प्रशासन निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर एसएम ओ. डॉ.सुभाष चंद्र, मेजर डॉ. शरद तुली, डॉ. गुंजन, डॉ. मदन, सीएनओ रामरति, एसएनओ रिंका रानी सुपरवाइजर गोपाल, सत्या बिसला, काउंसलर रमेश ढाका, अजय कुमार, माली हवा सिंह व रोहताश सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। सभी ने लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया।



**फतेहाबाद।** नागरिक अस्पताल में पौधरोपण करते सीजेएम व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी।

## न्यूज डायरी

### गोवंश से भरा ट्रक पकड़ा, 6 नंदी सुरक्षित बचाए

**फतेहाबाद।** फतेहाबाद पुलिस ने गो तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए गौवंश से भरे एक ट्रक को पकडक़र छह नंदी गोवंशों को सुरक्षित मुक्त कराया है। पुलिस ने मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया, जबकि ट्रक को एस्कॉर्ट कर रही स्विफ्ट कार में सवार अन्य आरोपी फरार हो गए। जांच में सामने आया कि ट्रक की नंबर प्लेट पर काले रंग की टेप लगाकर उसका वास्तविक पंजीकरण नंबर छिपाया गया था, ताकि पुलिस की नजर से बचा जा सके। सभी गोवंशों को सुरक्षित श्री कृष्ण प्रणामी गौशाला, बड़ोपल भेज दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिले में गौ तस्करी रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस चौकी बड़ोपल प्रभारी उप निरीक्षक राधेश्याम को सूचना मिली थी कि एक स्विफ्ट कार आगे-आगे चलकर रास्ता साफ कर रही है, जबकि उसके पीछे एक संदिग्ध ट्रक गोवंश लेकर फतेहाबाद से हिसार की ओर जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने नाकाबंदी कर दोनों वाहनों को रोकने का प्रयास किया।

### गोशालाओं को 820 ई-रिक्शा देने का निर्णय ऐतिहासिक



**फतेहाबाद।** जिला परिषद फतेहाबाद की चेयरपर्सन एवं भाजपा जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट सुमन खीचड़ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश की गौशालाओं को 820 ई-रिक्शा उपलब्ध करवाने के निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि 10.25 करोड़ की लागत से खरीदे जाने वाले ये ई-रिक्शा गौशालाओं की दैनिक कार्यप्रणाली को सुगम बनाने के साथ-साथ उन्हें आधुनिक संसाधनों से सशक्त बनाएंगे। सुमन खीचड़ ने बताया कि योजना के तहत एक हजार तक गोवंश वाली गौशाला को एक तथा इससे अधिक गोवंश वाली गौशाला को दो ई-रिक्शा दिए जाएंगे। इससे चारा, पशु आहार और दवाइयां लाने-ले जाने में सुविधा होगी और परिवहन खर्च में भी बचत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2014 में केवल 215 पंजीकृत गौशालाएं थीं, जो बढक़र 697 हो चुकी हैं। वित्त वर्ष 2025-26 में गौसंरक्षण कार्यों के लिए 595 करोड़ का बजटीय प्रावधान किया गया और 619 गौशालाओं को 228.58 करोड़ का चारा अनुदान जारी हुआ।

### फतेहाबाद में बड़े भवनों और व्यावसायिक परिसरों की फायर सेफ्टी जांच के निर्देश

**फतेहाबाद।** हाल के दिनों में देश व प्रदेश के कई शहरों में हुई भीषण आगजनी की घटनाओं के बाद आखिरकार जिला प्रशासन की नींद खुल गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने शहर के सभी बड़े भवनों और व्यावसायिक परिसरों की फायर सेफ्टी की सघन जांच करने के कड़े निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने साफ किया कि जो भी भवन संचालक फायर सेफ्टी नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार तुरंत नोटिस जारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। लघु सचिवालय स्थित सभागार में स्थानीय निकाय विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी डॉ. विवेक भारती ने पार्कों, चौकों और सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को स्वच्छ व बेहतर वातावरण देना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। डीसी ने स्पष्ट किया कि समाधान शिविर, सीएम विंडो, एसएमजीटी और म्हारी सडक़ जैसे विभिन्न पोर्टलों पर आने वाली सफाई संबंधी शिकायतों का एक निश्चित समय-सीमा के भीतर निस्तारण होना अनिवार्य है।

### व्यापार मंडल अनाज मंडी फतेहाबाद के नए कार्यालय का शुभारंभ



**फतेहाबाद।** अनाज मंडी के बूथ नंबर 10 पर व्यापार मंडल अनाज मंडी, फतेहाबाद के नए कार्यालय का बुधवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन-यज्ञ से हुई। इसके उपरांत श्री सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में व्यापारियों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। अनुष्ठान के समापन पर प्रसाद वितरण और जलपान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर फतेहाबाद के पूर्व विधायक दुड़ाराम ने शिरकत कर नए कार्यालय की शुभकामनाएं दीं। व्यापार मंडल के प्रधान जगदीश भादू ने सभी व्यापारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह कार्यालय व्यापारियों के लिए एक साझा मंच के रूप में कार्य करेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंडल का मुख्य उद्देश्य प्रत्येक व्यापारी की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनना और उनके समाधान के लिए प्रशासन के समक्ष प्रभावी पैरवी करना है।

### युवक का अपहरण करने वाला चौथा आरोपी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** गांव पिरथला से एक युवक के जबरन अपहरण के मामले में थाना सदर टोहाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चौथे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस तीन आरोपियों को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। थाना सदर टोहाना प्रभारी निरीक्षक साधुराम ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चौथे आरोपी की पहचान राहुल उर्फ दीपु निवासी कुम्हारिया रोड, ढाणी बड़ोपल, जिला फतेहाबाद के रूप में हुई है। घटना की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गत 17 मई को गांव पिरथला निवासी विजय उर्फ अमित ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका भाई अजय गांव के श्मशान घाट के पास भैंसों को पानी पिलाने गया था। उसी दौरान चार युवकों ने उसे जबरन एक कार में बिठाया और अपहरण कर ले गए। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचनाओं के आधार पर लगातार छापेमारी करते हुए पहले तीन आरोपियों को दबोच लिया था। अब मामले में संलिप्त चौथे मुख्य आरोपी राहुल उर्फ बंदूक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में थाना सदर टोहाना में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत केस दर्ज है।

## फतेहाबाद साइबर पुलिस ने गुम हुए 13 मोबाइल किए बरामद, मालिकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



**फतेहाबाद।** साइबर थाना फतेहाबाद ने विभिन्न शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए गुम हुए लाखों रुपये मूल्य के 13 मोबाइल फोन सफलतापूर्वक रिकवर कर उनके असली मालिकों को सौंप दिए हैं। अपना खोया हुआ फोन वापस पाकर नागरिकों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। एसपी कार्यालय में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एसपी निकिता खट्टर ने स्वयं ये मोबाइल फोन नागरिकों को सुपुर्द किए। इस मौके पर सभी मोबाइल मालिकों ने फतेहाबाद पुलिस की त्वरित कार्यशैली, संवेदनशीलता और तकनीकी क्षमता का आभार जताया। साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए आईएमईआई ट्रैकिंग, डिजिटल सर्विलांस और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर जांच शुरू की। साइबर टीम ने मुस्तैदी से काम करते हुए विभिन्न क्षेत्रों से ये मोबाइल फोन बरामद किए और कागजी प्रक्रिया व पहचान की पुष्टि के बाद इन्हें असली मालिकों को सौंप दिया। मोबाइल पाने वालों में देशराज निवासी जमालपुर, रोशन निवासी नहला, अजय भूना, दिनेश फतेहाबाद, प्रवीण ढाणी पाल, प्रदीप बोस्ती, प्रदीप सूलीखेड़ा, पवन भूथन कलां, संदीप भट्टू कलां, नरेश धांगड़, रामनिवास बड़ोपल, साहिल भट्टू कलां, सुनीता ढिंगसरा शामिल हैं। एसपी निकिता खट्टर ने कहा कि गुम हुए मोबाइल ढूंढकर उनके स्वामियों तक पहुंचाना पुलिस की संवेदनशीलता, जवाबदेही और जनसेवा के प्रति निष्ठा का प्रतीक है। आधुनिक तकनीक का असली लाभ यही है कि उससे आम आदमी को तुरंत राहत पहुंचाई जा सके।

## सरपंचों का मानदेय 15000 रुपये किया जाए

# पंचायती कार्यों को लेकर सरपंच सीएम से आज मुलाकात करेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

सरकारी ग्रांट के अभाव में पंचायती कार्यों को पूरा करवाने में सरपंचों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। यही नहीं मैटिरियल के रेट भी सिरसा जिले को छोडक़र सभी जिलों में कम है, जिसके कारण सरपंचों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। तमाम समस्याओं को लेकर 23 जुलाई को सिरसा आ रहे प्रदेश के मुख्यमंत्री से जिलेभर के सरपंच मुलाकात करेंगे। सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान जसकरण सिंह बुधवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

जिला प्रधान ने बताया कि वर्तमान समय में जो डीसी रेट पंचायतों के लिए निर्धारित किया गया है, वो बाजार रेट से काफी कम है। जबकि बिल डीसी रेट के ही बनते हैं। उन्होंने कहा सरपंचों को दिया जा रहा मानदेय भी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है, जबकि उनका चाय-पानी का खर्चा इससे कहीं अधिक है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पंजाब सरकार ने सरपंचों का मानदेय 10 हजार रुपए मासिक किया है, उसी प्रकार हरियाणा में सरपंचों का मानदेय 15 हजार रुपए किया जाए।



**सिरसा।** पत्रकारों से बात करते हुए सरपंच एसोसिएशन के जिला प्रधान जसकरण सिंह कंग।

### जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया

इस मौके पर उपप्रधान प्रिंस बिश्नोई मौजगढ़ ने कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री व सरपंच तीन ऐसे पद हैं, जो जनसेवा के लिए बने हैं। उन्होंने कहा कि सरपंचों को पांच साल सेवा के लिए मिलते हैं, जिसमें से 6 माह तो सिस्टम को समझने में ही लग जाते हैं। वहीं जब तक संसाधन नहीं मिलेंगे, तब तक सेवा कैसे करेंगे। इस मौके पर जिलेभर के सरपंच उपस्थित थे। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया, जिसमें उपप्रधान प्रिंस बिश्नोई मौजगढ़ व वेदप्रकाश मीरपुर, जिला महासचिव किरण-विनोद बांगड़वा कुतियाना, बडागुढ़ा ब्लॉक प्रधान कविता रानी आदि को नियुक्त किया गया।

## मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन

# एमएम कॉलेज फतेहाबाद में अव्वल रहे छात्र-छात्राएं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

एमएम कॉलेज, फतेहाबाद के प्रांगण में मेधावी विद्यार्थियों के प्रोत्साहन हेतु 'मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह' का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास के साथ किया गया। इस समारोह का मुख्य उद्देश्य विश्वविद्यालय एवं कॉलेज स्तर की परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन करना था।

राष्ट्रीय महिला आयोग की चेयरपर्सन विजया किशोर रत्नाकर के विशेष सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी, सोनीपत के कुलपति प्रो. देविंदर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं विशिष्ट अतिथियों के तौर पर एमएम कॉलेज एजुकेशन सोसायटी के सचिव एडवोकेट विनोद मेहता, कोषाध्यक्ष कैलाश बत्रा तथा प्रो. अशोक मक्कड़ मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने की, जिन्होंने पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. भव्या मुखी ने किया। समारोह को संबोधित करते हुए एजुकेशन सोसायटी के सचिव एडवोकेट विनोद मेहता ने कहा कि एमएम कॉलेज की स्थापना का मूल उद्देश्य यही था कि क्षेत्र के जरूरतमंद व मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर न भटकना पड़े। आज हमारे विद्यार्थियों के इन शानदार परिणामों को देखकर ऐसा लगता है कि वह सपना अब साकार हो रहा है। कार्यक्रम के सफल एवं सुचारू आयोजन पर प्राचार्य डॉ. गुरचरण दास ने डॉ. रोबिन आनंद, डॉ. विजय गोयल, डॉ. विकेश सेठी तथा समस्त टीचिंग व नॉन-टीचिंग स्टाफ के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया।

### समारोह को एजुकेशन सोसायटी सचिव एडवोकेट विनोद मेहता ने किया संबोधित




**फतेहाबाद।** परीक्षाओं में अव्वल रहे विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि।

### परीक्षाओं में ये विद्यार्थी रहे अव्वल

समारोह के दौरान विभिन्न संकायों एवं सत्रों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कॉलेज में बी.ए. पंजाबी ऑनर्स के छठे समेस्टर में रमनदीप कौर, 5वें समेस्टर में आरजू, तीसरे समेस्टर में लवजीत कौर और पहले समेस्टर में दलजीत कौर, बीकॉम पहले समेस्टर में साक्षर, बीएससी लाइफ साइंस पहले समेस्टर में पीहू, बीएससी नॉन मेडिकल 5वें समेस्टर में किरतपाल कौर, एमए इंग्लिश तीसरे समेस्टर में हिमांशु, एमए हिस्ट्री प्रथम समेस्टर में बबिता देवी, एमए म्यूजिक तीसरे समेस्ट में दीपक व पहले समेस्टर में नमन तथा पीजी डिप्लोमा इन योगा में अनु गोदारा ने पहला स्थान हासिल किया। इसके अलवा बीए पंजाबी ऑनर्स के छठे समेस्टर में आरजू, पांचवें समेस्टर में रमनदीप कौर, तीसरे समेस्टर में कशिश, पहले समेस्टर में रजवंत कौर, बीसीए छठे समेस्टर में आकाश बब्बर, बीबीए प्रथम समेस्ट में भूमिका, बीएल एंड आईएस प्रथम समेस्टर में सोनिका रानी, एमए इंग्लिश पहले समेस्टर में ममता रानी, एमए हिन्दी पहले समेस्टर में प्रियंका, एमए पोल साइंस थर्ड समेस्टर में सेजल, एमए म्यूजिक थर्ड समेस्टर में पूनम रानी तथा पीजी डिप्लोमा इन योगा में जगदीप सिंह ने द्वितीय स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप

### युवाओं की आवाज दबा रही सरकार : मोहित

**सिरसा।** प्रदेश युवा कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहित शर्मा ने दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की कड़े शब्दों में निंदा की है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक व्यक्ति को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण तरीके से विरोध प्रकट करने का संवैधानिक अधिकार है, लेकिन जब सरकार जनता की आवाज को दबाने का प्रयास करती है तो यह सरासर लोकतांत्र का गला घोटने जैसा है। मोहित शर्मा ने कहा कि पुलिस की छात्रों पर कार्रवाई अन्यायपूर्ण है।

### एकादशी पर खाटू श्याम मंदिर में होगा सत्संग

**सिरसा।** श्याम परिवार ट्रस्ट द्वारा आगामी 25 जुलाई को पावन एकादशी के अवसर पर खाटू श्याम मंदिर, रानियां रोड, सिरसा में भव्य भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्याम भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है। श्याम परिवार ट्रस्ट के सदस्य दिपेश गोयल ने बताया कि भजन संध्या रात्रि को होगी। कार्यक्रम में भजन कलाकार बाबा खाटू श्याम के एक से बढक़र एक मधुर भजनों की प्रस्तुति देंगे।

### डॉ. सतबीर सिंह न्योल प्राचार्य पद पर पदोन्नत

**सिरसा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, डिंग में इतिहास प्रवक्ता डॉ. सतबीर सिंह न्योल प्राचार्य पद पर पदोन्नत हो गए हैं। डॉ. विनोद ने बताया कि पदोन्नति के उपरांत उन्होंने नाथूसरी चौपटा खंड के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, दड़बा कलां में प्राचार्य के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय प्रभारी शीशपाल ढाका एवं समस्त स्टाफ ने उनका स्वागत किया। डॉ. न्योल की पदोन्नति पर जिला शिक्षा अधिकारी सिरसा, डाइट प्राचार्य सुभाष फुटेला, डाइट प्रभारी सुरेंद्र सिंह नूनिया एवं समस्त स्टाफ ने उन्हें बधाई दी।

### ट्यूबवेल की केबल चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** पुलिस ने खेतों में लगे ट्यूबवेलों की केबल तार चोरी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने ऐलनाबाद क्षेत्र में केबल चोरी की तीन अन्य वारदातें भी कबूल की हैं। जांच के दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर ऐलनाबाद निवासी किंदर को बेहरवाला रोड ऐलनाबाद क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

### शिव महापुराण कथा तीन अगस्त से

**रतिया।** शहर की टिब्बा कॉलोनी स्थित प्रसिद्ध श्री राम आश्रम शिव मंदिर में शिव महापुराण कथा के निमंत्रण पत्र का विमोचन धार्मिक विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान गणेश जी की पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चारण से हुआ। सदस्य पुनीत गोयल ने बताया कि शिव महापुराण कथा 3 अगस्त, सोमवार से 9 अगस्त, रविवार तक आयोजित की जाएगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:30 बजे तक होगी, जिसका समापन 9 अगस्त को पूर्णाहुति, हवन और विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा। उन्होंने लोगों को कार्यक्रम का न्योता दिया है।

## जनवादी नौजवान सभा ने नारेबाजी कर विरोध जताया

# दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के खिलाफ सड़कों पर उतरे लोग, निकाला रोष मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

दिल्ली के जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे छात्रों और युवाओं पर हुए पुलिस लाठीचार्ज के विरोध में बुधवार को सैंकड़ों लोगों ने शहर में जोरदार प्रदर्शन किया गया। भारत की जनवादी नौजवान सभा जिला फतेहाबाद के आह्वान पर यह रोष मार्च अंबेडकर पार्क से शुरू होकर लाल बत्ती चौक, जवाहर चौक और जीटी रोड से होते हुए निकला। प्रदर्शन में बड़ी संख्या में छात्रों, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न लोकतांत्रिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया तथा केंद्र सरकार की दमनकारी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए नौजवान सभा के राज्य उपप्रधान शाहनवाज ने कहा कि जंतर-मंतर पर देश के युवा शिक्षा, रोजगार और अपने अधिकारों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठा रहे थे। उन पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग करना सीधा लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

उन्होंने कहा कि आज देश का युवा भयंकर बेरोजगारी, महंगाई, शिक्षा के तेजी से हो रहे निजीकरण और रोजगार के घटते अवसरों से हताश है। सरकार संवाद स्थापित करने के बजाय दमन और भय का माहौल बनाकर जन आंदोलनों को कुचलना चाहती है। डीवाईएफआई के जिला प्रधान पवन ने कहा कि लोकतंत्र की वास्तविक ताकत जनता की बात सुनने, संवाद कायम करने और असहमति का सम्मान करने में निहित है, न कि पुलिस बल और लाठीचार्ज के जरिए आवाज दबाने में।

उन्होंने चेतावनी दी कि इतिहास गवाह है कि युवाओं और छात्रों की न्यायसंगत मांग को बल प्रयोग से कभी शांत नहीं किया जा सका है। प्रदर्शन के दौरान डीवाईएफआई ने केंद्र सरकार से मांग की है कि जंतर-मंतर पर छात्रों और युवाओं के साथ हुई बर्बरता की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई हो, ताकि आगे कोई कानून से खिलवाड़ न कर सके।



**फतेहाबाद।** शहर में प्रदर्शन करते युवा। *फोटो : हरिभूमि*

### अब गांवों में विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे

प्रदर्शन के अंत में संगठन के नेताओं ने घोषणा की कि इस लाठीचार्ज और तानाशाही रवैये के विरोध में अब फतेहाबाद जिले के सभी गांवों में चरणबद्ध तरीके से विरोध प्रदर्शन आयोजित किए जाएंगे। इस रोष प्रदर्शन में बीघड़ गांव से मुनीश, प्रवीण, भोडिया खेड़ा से सचिन, सुमित, ढिंगसरा से प्रमोद, संदीप शर्मा, भूथन कलां से पंकज, जांडली कलां से छात्रा अवनी, महिला समिति से सुदेश कुमारी के अलावा नागरिक अधिकार मंच से राजीव सेतिया, दुष्यंत शर्मा, संदीप माहिया, भगवंत सेठी, नगर पार्षद मोहनलाल नारंग, डॉ. सुनीता सोखी, उषा दहिया, डॉ. विनय सिंगला, पिंकी चौधरी, डॉ. चौहान व अन्य मौजूद रहे।


**सिरसा।** लाठीचार्ज के विरोध में रोष जाहिर करते जेजेपी कार्यकर्ता।

### जेजेपी ने लाठीचार्ज के विरोध में किया प्रदर्शन

**सिरसा।** दिल्ली के जंतर-मंतर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं एवं छात्राओं पर किए गए लाठीचार्ज की निंदा एवं दोषी पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की मांग को लेकर बुधवार को जेजेपी ने प्रदर्शन किया और उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जेजेपी के जिला अध्यक्ष अशोक वर्मा, राधेश्याम शर्मा, शांतनु गोदारा, राजिंद्र सुथार व इनसो के जिलाध्यक्ष धीरे सिंह गिल ने सयुंक्त रूप से कहा कि युवा और छात्र देश का भविष्य हैं। अपनी जायज मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से आवाज उठाना प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि छात्रों व युवाओं के साथ बल प्रयोग करना तथा विशेष रूप से छात्राओं के साथ लाठीचार्ज किया जाना अत्यंत गंभीर विषय है। उन्होंने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मांग की की जंतर-मंतर पर युवाओं एवं छात्राओं पर हुए लाठीचार्ज की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच करवाई जाए। दोषी पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। घायल युवाओं एवं छात्राओं को उचित चिकित्सा सहायता एवं आवश्यक मुआवजा प्रदान किया जाए। भविष्य में शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे युवाओं एवं छात्राओं के साथ ऐसी अमानवीय एवं दमनात्मक कार्रवाई न की जाए। इस अवसर पर पार्टी के एससी सेल के प्रदेशाध्यक्ष एडवोकेट सुरेंद्र भागीराम, प्रोमिला शर्मा, प्रभारी हरिसिंह भारी, अमर सिंह ज्याणी, बलकरण भंगू, सुमित्रा भारी, अमरजीत कौर, सुरेंद्र बैनीवाल, सुखमंदर सिहाग सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल हुए।

## छात्रों की भावनाओं को राजनीतिक मंच बनाना उचित नहीं : प्रवीन

**बीजेपी जिलाध्यक्ष ने कहा : कांग्रेस का प्रदर्शन पूरी तरह राजनीतिक नौटंकी**

**फतेहाबाद।** बीजेपी जिलाध्यक्ष प्रवीन जोड़ा ने कांग्रेस द्वारा प्रधानमंत्री आवास के बाहर किए गए प्रदर्शन को पूरी तरह राजनीतिक नौटंकी करार देते हुए कहा कि छात्रों के भविष्य जैसे संवेदनशील विषय पर राजनीति करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस का उद्देश्य छात्रों को न्याय दिलाना नहीं, बल्कि मुद्दे की आड़ में राजनीतिक लाभ लेना है। उन्होंने कांग्रेस पर नीट परीक्षा के मुद्दे पर छात्रों की भावनाओं का राजनीतिक लाभ उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि जब सरकार जांच एजेंसियों के माध्यम से दोषियों को पकडऩे, कड़े कानून लागू करने और युवाओं को न्याय दिलाने के लिए गंभीरता से कार्य कर रही है, तब कांग्रेस केवल राजनीतिक माहौल बनाने और भ्रम फैलाने में लगी हुई है।


प्रवीन जोड़ा।

प्रवीन जोड़ा ने कहा कि कांग्रेस नेताओं द्वारा केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग पूरी तरह निराधार और राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने पेपर लीक के मामलों में त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित की है तथा परीक्षा प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाने के लिए कड़े कानून लागू किए हैं। ऐसे में इस्तीफे की मांग केवल जनता को भ्रमित करने का प्रयास है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक नागरिक को अपनी बात रखने और शांतिपूर्ण विरोध करने का अधिकार है, लेकिन छात्रों के भविष्य जैसे महत्वपूर्ण विषय को राजनीतिक मंच बनाना उचित नहीं है।

### राष्ट्रपति के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन : कांग्रेस

**फतेहाबाद।** दिल्ली में युवाओं के शान्तिपूर्ण प्रदर्शन पर पुलिस द्वारा लाठीचार्ज व आंसू गैस के गोले दागने तथा कांग्रेस नेताओं के साथ बदसलूकी के विरोध में 23 जुलाई वीरवार को प्रातः 11 बजे लघु सचिवालय पर जिला कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अरविन्द शर्मा ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस द्वारा मोदी सरकार की बर्खास्ती की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन उपायुक्त को सौंपा जाएगा। उन्होंने बताया कि अपने हितों और हकों की लड़ाई को देश के युवा शान्तिपूर्ण ढंग से लड़ रहे हैं। सरकार का विरोध करना और अपनी मांगों को रखना संवैधानिक अधिकार है। संसद कूच के दौरान लाखों युवाओं पर लाठीचार्च, वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले दाग कर उनकी आवाज को कूचल कर मोदी सरकार ने अपनी बर्बरता को सबसे क्रूर रूप दिखाया है। ये युवा ही देश के भविष्य हैं। संसद किसी की बपौती नहीं है।

### लाठीचार्ज की अध्यापक संघ ने की निंदा

**फतेहाबाद।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ ने दिल्ली में नीट व अन्य परीक्षा धांधली के विरोध में प्रदर्शन कर रहे छात्रों तथा पर्यावरणविद सोनम वांगचुक पर हुई पुलिस कार्रवाई की पुरजोर भत्र्सना की है। संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, जिला सचिव देसराज माचरा, जिला कोषाध्यक्ष जगजीत मुडाही, जिला वरिष्ठ उप प्रधान डॉ. नीतू डूडेजा, राज्य ऑडिटर सुरजीत दुसाद तथा राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन ने एक संयुक्त बयान जारी कर केंद्र सरकार की नीतियों और रवैये पर कड़ा रोष जताया है। अध्यापक नेताओं ने कहा कि एक स्वस्थ लोकतंत्र में जनता और छात्रों को सरकार की नीतियों के खिलाफ शांतिपूर्ण प्रदर्शन करने का पूरा संवैधानिक अधिकार है, लेकिन मौजूदा केंद्र सरकार अपनी जरा सी भी आलोचना सुनने को तैयार नहीं है।

## नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में हुआ कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम

- प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी के लिए दिए टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

नेशनल कॉलेज ऑफ एजुकेशन में कैरियर काउंसलिंग एवं प्लेसमेंट सेल ने कैंपस टू करियर फर्स्ट स्टेप टूवाइज कॉपरेटिव एग्जाम विषय पर कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम किया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. पूनम मिगलानी ने कहा कि ऐसे मार्गदर्शन कार्यक्रम विद्यार्थियों को अपने लक्ष्य निर्धारित करने और प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करते हैं। इंचार्ज कुसुमलता ने बीएड द्वितीय वर्ष के छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं जैसे एचटीईटी, पीएसटीईटी, सीटीईट की तथा युजीसी-नेट इत्यादि महत्वपूर्ण परीक्षाओं की पात्रता परीक्षा पैटर्न तैयारी की रणनीति तथा सफलता के लिए आवश्यक जानकारी प्रदान की। उन्होंने छात्रों को नियमित अध्ययन समय प्रबंधन विषय की गहन समझ तथा आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया और इनके माध्यम से उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में जागरूक किया।


**सिरसा।** कैरियर काउंसलिंग में भाग लेते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

### बेटियों की सफलता पर निकाली सम्मान यात्रा

**ओढां।** नीट-2026 में शानदार सफलता हासिल कर एमबीबीएस की राह सुनिश्चित करने वाली ग्लोबल स्टडी पॉइंट ओढ़ा की छात्रा पल्लवी गोदारा एवं हरमन सिद्धू का संस्थान में भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। दोनों बेटियों का फौजी बैंड, पुष्पवर्षा और तालियों की गूंज के बीच स्वागत किया गया तथा सुसज्जित रथ पर सम्मान यात्रा निकाली गई। समारोह में ग्लोबल स्टडी पॉइंट के संस्थापक रोहताश गोदारा, निदेशक किरणजीत कौर, एमएम मेमोरियल पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल ओढ़ा की प्राचार्या सीमा बैनीवाल, उप-प्राचार्या जसवीर कौर तथा समाजसेवी सतीश कंसल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## सद्भावना हॉस्पिटल में 26 जुलाई को लगेगा नि:शुल्क मेगा मेडिकल कैंप

- विशेषज्ञ डॉक्टर देंगे परामर्श, ईसीजी, शुगर, बीएमडी, पीएफटी सहित कई जांचें मुफ्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

शहर के सद्भावना मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल की ओर से 26 जुलाई (रविवार) को निःशुल्क मेगा मेडिकल कैंप का आयोजन किया जाएगा। सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होने वाले इस शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच कर स्वास्थ्य संबंधी परामर्श देंगे। अस्पताल प्रबंधन का उद्देश्य लोगों को एक ही स्थान पर विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराना और समय रहते बीमारियों की पहचान कर उचित उपचार के प्रति जागरूक करना है। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार कैंप का संचालन डॉ. अंशुल सहगल (एमडी मेडिसिन) के नेतृत्व में किया जाएगा। शिविर में जनरल मेडिसिन एवं क्रिटिकल केयर, हृदय रोग, जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जरी, हड्डी एवं जोड़ रोग, स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाल रोग, एनेस्थीसिया एवं आईसीयू, छाती एवं श्वास रोग, रेडियोलॉजी एवं इमेजिंग, न्यूरोसर्जरी, कैंसर रोग, फिजियोथेरेपी तथा पोषण एवं आहार परामर्श से जुड़े विशेषज्ञ मरीजों को परामर्श देंगे। कैंप के दौरान ओपीडी, ईसीजी, ब्लड शुगर, बीएमडी (बोन मिनरल डेंसिटी), पीएफटी (पल्मोनरी फंक्शन टेस्ट) तथा न्यूरोपैथी जांच पूरी तरह निःशुल्क की जाएगी। इसके अलावा लैब टेस्ट और एक्स-रे पर 50 प्रतिशत की छूट दी जाएगी।मरीजों को आवश्यकता अनुसार निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी।




## सीडीएलयू की मेरिट में चमके द्रोणाचार्य कॉलेज के विद्यार्थी

- उषा सैनी ने टॉप कर कॉलेज का गौरव बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भूना

गुरु द्रोणाचार्य कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भूना के डी.पी.एड. चौथे सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने सीडीएलयू सिरसा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विश्वविद्यालय की टॉप-10 मेरिट सूची में स्थान हासिल किया है।

विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से कॉलेज परिसर में उत्साह का माहौल है। कॉलेज की छात्रा उषा सैनी ने 755 में से 642 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय की मेरिट सूची में भी अपना स्थान सुनिश्चित कर संस्थान का गौरव बढ़ाया। वहीं भावना और दिव्या शर्मा ने समान रूप से 629 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से कॉलेज में दूसरा स्थान हासिल किया।

अमृतपाल सिंह ने 624 अंक लेकर तीसरा स्थान प्राप्त किया और अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कॉलेज में विद्यार्थियों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। कॉलेज प्रबंधन ने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और संस्थान के बेहतर शैक्षणिक माहौल को दिया।

## मंडी एवं खरीद केंद्रों पर सभी व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित करें अधिकारी

- फसल खरीद सीजन को लेकर डीसी ने ली बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

डीसी डॉ. विवेक भारती ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आगामी खरीद सीजन को ध्यान में रखते हुए जिला की सभी अनाज मंडियों एवं खरीद केंद्रों पर आवश्यक आधारभूत सुविधाएं और व्यवस्थाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में खरीद कार्य नहीं चल रहा है, इसलिए उपलब्ध समय का सदुपयोग करते हुए सभी कमियों को दूर किया जाए, ताकि खरीद सीजन के दौरान किसानों, आढ़तियों एवं अन्य संबंधित पक्षों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। डीसी ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए निर्धारित समय सीमा में आवश्यक तैयारियां पूर्ण करें। प्रत्येक खरीद केंद्र का सरफेस एरिया पक्का एवं समतल होना चाहिए तथा केंद्र तक किसानों की निर्बाध आवाजाही के लिए सुगम मार्ग उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ-साथ स्वच्छ पेयजल, शौचालय, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरे, साफ-सफाई, जल निकासी तथा अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं भी समय पर उपलब्ध कराई जाएं।

### सड़कों की मरम्मत करें

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी मंडियों एवं खरीद केंद्रों की बाउंड्री वॉल, शेड, प्लेटफॉर्म, ड्रेनेज व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत ढांचे का निरीक्षण कर जहां कहीं भी मरम्मत, पैचवर्क अथवा अन्य सुधार कार्यों की आवश्यकता हो, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि खरीद सीजन प्रारंभ होने से पहले प्रत्येक खरीद केंद्र पूरी तरह तैयार होना चाहिए, जिससे खरीद प्रक्रिया सुचारु, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित हो सके। बैठक में एसडीएम टोहाना आकाश शर्मा, एसडीएम फतेहाबाद राजेश कुमार, एसडीएम रतिया सुरेंद्र सिंह, सीटीएम गौरव गुप्ता, जिला परिषद के सीईओ सुरेश कुमार मौजूद रहे।

## कराटे चैंपियनशिप में फतेहाबाद के निखिल ने रचा इतिहास

- जीता 51 हजार का कैश प्राइज और सुपर गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रतिया

दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में खेल कराटे स्पोट्र्स इंडिया द्वारा आयोजित खेल कराटे चैंपियनशिप में फतेहाबाद जिले के खिलाडिय़ों ने शानदार प्रदर्शन किया। फतेहाबाद जिला सचिव सेंसाई सरजीत सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश के 22 राज्यों से 1500 खिलाडिय़ों ने भाग लिया, जिसमें फतेहाबाद जिले से कुल 6 खिलाडिय़ों ने प्रतिनिधित्व किया। प्रतियोगिता के सीनियर वर्ग में फतेहाबाद के निखिल ने हरियाणा टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए सबसे बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने सुप्रीम गोल्ड मेडल के साथ 51 हजार का कैश प्राइज जीतकर पूरे जिले का नाम रोशन किया। निखिल ने अपने प्रतिद्वंदियों को मात देते हुए सेमीफाइनल में गुजरात के खिलाड़ी को 8-3 और फाइनल में राजस्थान के खिलाड़ी को 8-2 से हराकर अपना स्वर्ण पदक और कैश प्राइज पक्का किया। अन्य पदक विजेताओं में जैकलीन ने अंडर 8 में गोल्ड मेडल, रॉबिन भाटू ने अंडर 10 में गोल्ड मेडल, रमन ने अंडर 14 में गोल्ड मेडल, यश चौहान ने अंडर 16 में सिल्वर मेडल और सुपनदीप कौर ने अंडर 16 में ब्रोंज मेडल हासिल किया।

### व्यवसायिक मार्गदर्शन सप्ताह: भूथन व भिरड़ाना में विद्यार्थियों को दिए करियर और रोजगार के टिप्स

**फतेहाबाद।** जिला रोजगार कार्यालय द्वारा 24 जुलाई तक व्यावसायिक मार्गदर्शन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के विभिन्न विद्यालयों में विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और करियर काउंसलिंग से जुड़े विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रम के प्रथम दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भूथन कलां तथा महर्षि दयानंद वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भिरड़ाना में 11वीं व 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को शिक्षा एवं रोजगार संबंधी मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान सहायक रोजगार अधिकारी रितु जांगड़ा ने विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और निजी व सरकारी क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सप्ताह के दूसरे दिन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झलनिया व गुरु जम्भेश्वर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, झलनिया में 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के लिए सत्र का आयोजन हुआ।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 9315429403, 9253681005

## कांवड़ यात्रा का होगा समापन, शिवालयों में जलाभिषेक की तैयारियां पूरी

# महाशिवरात्रि 11 को, चार प्रहर की पूजा से बरसेगी भोलेनाथ की कृपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

श्रावण मास की सबसे महत्वपूर्ण तिथियों में शामिल सावन शिवरात्रि इस वर्ष 11 अगस्त, मंगलवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई जाएगी। सावन मास के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि पर पडऩे वाला यह पर्व भगवान शिव की आराधना के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है। इसी दिन कांवड़ यात्रा का भी समापन होता है और लाखों शिवभक्त पवित्र नदियों से लाए गंगाजल से शिवलिंग का जलाभिषेक करते हैं। जिले के शिव मंदिरों में विशेष सजावट की जा रही है, वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रशासन और मंदिर समितियां भी तैयारियों में जुटी हैं। श्री श्याम मंदिर फतेहाबाद के पुजारी पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि पंचांग के अनुसार कृष्ण पक्ष चतुर्दशी तिथि 11 अगस्त को सुबह 4:54 बजे शुरू होकर 12 अगस्त को रात 1:52 बजे समाप्त होगी। उदया तिथि और निशीथ काल को ध्यान में रखते हुए 11 अगस्त को सावन शिवरात्रि का पर्व मनाया जाएगा। इस अवसर पर भक्त दिनभर व्रत रखकर रात्रि में चारों प्रहर भगवान शिव का पूजन और रुद्राभिषेक करेंगे। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से की गई पूजा से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### शिवालयों में गूंजेंगे हर-हर महादेव के जयकारे



पंडित सोनू शर्मा ने बताया कि सावन शिवरात्रि को लेकर जिले के प्रमुख शिव मंदिरों में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। मंदिरों में आकर्षक सजावट, रोशनी, भजन-कीर्तन, रुद्र पाठ और रात्रि जागरण का आयोजन होगा। बड़ी संख्या में कांवड़िए भी अपने-अपने शिवालयों में गंगाजल अर्पित करेंगे। भीड़ को देखते हुए कतारबद्ध दर्शन, पेयजल, चिकित्सा सहायता और सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं।

### पूजा का विशेष महत्व

पंडित सोनू शर्मा के अनुसार धार्मिक ग्रंथों के अनुसार सावन शिवरात्रि पर रात्रि के चारों प्रहर भगवान शिव की पूजा करने का विशेष महत्व है। श्रद्धालु शिवलिंग पर गंगाजल, दूध, दही, शहद, घी, शक्कर और पंचामृत से अभिषेक करते हैं। इसके बाद बेलपत्र, धतूरा, आक के फूल, भांग, सफेद चंदन और फल अर्पित कर ओम नमः शिवाय तथा महामृत्युंजय मंत्र का जाप किया जाता है। मान्यता है कि इससे भगवान शिव शीघ्र प्रसन्न होकर भक्तों की सभी बाधाएं दूर करते हैं।

### पूजन के शुभ मुहूर्त

- ब्रह्म मुहूर्त : सुबह 4:26 से 5:14 बजे तक
- अभिजीत मुहूर्त : दोपहर 12:07 से 12:59 बजे तक
- अमृत काल : शाम 5:07 से 6:44 बजे तक

### क्या करें श्रद्धालु

- ब्रह्म मुहूर्त में स्नान कर व्रत का संकल्प लें।
- शिवलिंग पर गंगाजल, दूध और पंचामृत से अभिषेक करें।
- बेलपत्र, धतूरा और सफेद चंदन अर्पित करें।
- ओम नमः शिवाय और महामृत्युंजय मंत्र का जाप करें।
- रात्रि में चारों प्रहर शिव पूजन कर आरती करें।
- जरूरतमंदों को अन्न, वस्त्र और दक्षिणा का दान दें।

**सावन के प्रमुख पर्व :** साल 2026 में सावन मास 30 जुलाई से शुरू होकर 28 अगस्त, रक्षाबंधन तक रहेगा। इस दौरान चार सावन सोमवार, नाग पंचमी, पुत्रदा एकादशी, सावन शिवरात्रि और रक्षाबंधन जैसे प्रमुख पर्व मनाए जाएंगे। इनमें सावन शिवरात्रि को भगवान शिव की कृपा प्राप्त करने के लिए सबसे शुभ अवसरों में से एक माना जाता है।